**चलती कार में लगी आगः** जयपुर। सदर थाना इलाके में शनिवार देर रात चलती कार में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद अफरा-तफरी माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर बिठोड की सहायता से आग पर काबू पाया। कार चालक ने चलती कार से कूद कर अपनी जान बचाई।




## चार दिन तक विवाहिता को बंधंक बना किया दुष्कर्म

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में एक विवाहिता को चार दिन तक बंधंक बना कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि रिश्तेदार होने के कारण आरोपी का घर पर आना जाना था और मोबाइल पर उससे बात होती रहती थी। 2 अक्टूबर को आरोपी ने मिलने का झांसा देकर उसे बुलाया और नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला कर उसे बंधंक बना लिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ चार दिन तक दुष्कर्म किया। 5 अक्टूबर को आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी और दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया।

## देवस्थान विभाग के 544 मंदिरों में होगा पंचपर्वा दीपावली महोत्सव

**जयपुर।** राजस्थान के देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित और नियंत्रित समस्त राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार एवं राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी एवं प्रन्यास प्रबंधित मंदिरों में इस बार दीपावली के अवसर पर पंचपर्वा दीपावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत देवस्थान विभाग के अधीन 544 राजकीय मंदिरों में रंगोली निर्माण, प्रकाश एवं लाइटिंग व्यवस्था, दीपोत्सव, महाआरती और भक्ति संध्या, महाभोग एवं प्रसाद वितरण मिटटी के गणेश का पूजन होगा। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पंचपर्वा दीपावली का शुभारंभ रविवार को जयपुर के चांदनी चौक स्थित श्री ब्रज निधि जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया।

इस दौरान उन्होंने आसपास के देवस्थान विभाग के मंदिरों की साज-सज्जा का अवलोकन किया। उन्होंने मंदिरों में माकूल व्यवस्थाएं करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया; उन्होंने बताया कि मंदिरों की विशेष सजावट व अन्य धार्मिक कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर कुल 8 करोड 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत विभाग के 544 मंदिरों में 24 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।ांत्री कुमावत ने बताया कि इस बार देवस्थान विभाग के मंदिरों में धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गौवर्धन पूजा व भाई दूज के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके तहत सभी मंदिर परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर पुष्प मालाओं से सजावट की गई है। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता से मंदिरों में आकर्षक रंगोलियां बनाई गई हैं, जो पारंपरिक और सांस्कतिक सौंदर्य का प्रतीक हैं। इसके साथ ही दीपों एवं विद्युत लाइटिंग से मंदिरों को आलोकित कर संपूर्ण वातावरण दीपोत्सवमय बनाया गया है।

## 'शहरी सेवा शिविर' से मिली राजस्थान को नई चमक

**जयपुर।** दीपावली से पहले राजस्थान के शहर रोशनी से जगमगा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित सुविधा उपलब्ध करवाने और नगरीय सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से 'शहरी सेवा शिविर' प्रारम्भ किए गए। इन शिविरों ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक नई ऊर्जा और चमक भर दी है।

राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में कुल अनुमानित 16 लाख स्ट्रीट लाइटें स्थापित हैं। नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 सितम्बर से सेवा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें स्ट्रीट लाइट मरम्मत से जुड़े 89 हजार 937 प्रकरण प्राप्त हुए। स्वायत्त शासन विभाग ने तत्परता के साथ सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से कर दिया।

इसी प्रकार शहरी सेवा शिविर के दौरान 37 हजार 952 नई लाइटें सफलतापूर्वक लगाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त 2 लाख लाइटें लगाने का कार्य एवं निविदा प्रक्रिया प्रगतिरत है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

दीपावली से पहले सड़कों और गलियों में फैली यह नई रोशनी नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर घर, हर गली और हर चौक रोशनी से नहाए, ताकि सुरक्षा, सुविधा और सौंदर्य का संगम हो सके।

शहरी सेवा शिविर इस बात का प्रतीक बन गया है कि जब प्रशासन जनता के द्वार पर पहुँचता है, तो विकास की रोशनी हर कोने तक पहुँचती है।

## पिता की डाट से नाराज नाबालिग घर छोड़ हुआ फरार

**जयपुर।** कोतवाली थाना इलाके में एक 11 वर्षीय नाबालिग बालक पिता की डाट से नाराज होकर घर छोड़ फरार हो गया। काफी तलाश के बाद जब बालक नहीं मिला तो पीड़ित पिता ने थाने पहुंच पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरु कर दी।एसआई नरेंद्र सिंह ने बताया किशनपोल बाजार निवासी पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कराया है की उसका 11 वर्षीय नाबालिग बालक 5वीं कक्षा में पढ़ता है। 16 अक्टूबर सुबह करीब साढ़े 7 बजे 20 रुपए लेकर दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। जिसके बाद उसने दुकान से बीस रुपए का उधार सामान लिया और बीस रुपए के पटाखे खरीद लाया। दुकानदार से उधारी की जानकारी मिलने के बाद पिता ने उसे डाट कर कमरे में बंद कर दिया। कुछ देर बाद पिता ने बच्चे से समझाईश का प्रयास किया तो वो धक्का देकर भाग गया। जिसके बाद पिता ने अपने बच्चे की काफी तलाश की और मामले की जानकारी पुलिस को दी।
















